# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 6TH



aglasem.com

Class: 6th

Subject : हिन्दी

Chapter : 7

Chapter Name : साथी हाथ बढ़ाना

Q1 इस गीत की किन पंक्तियों को तुम अपने आसपास की जिंदगी में घटते हुए देख सकते हो?

Answer. इस गीत इन पंक्तियों में जिंदगी किस तरह से बिताई जाती है ये बताया गया है , जैसे कि-

मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना

कल गैरों की ख़ातिर की, आज अपनी खातिर करना

अपना दुख भी है साथी, अपना सुख भी एक

अपनी मन्ज़िल सच की मंज़िल, अपना रास्ता नेक

साथी हाथ बढ़ाना।

Page : 44, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

Q2 सागर ने रास्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया है-साहिर ने ऐसा क्यों कहा है?लिखो।

Answer. कवि साहिर लुधियानवी ऐसा इसलिए कहते है क्योंकि उनका मानना है कि साथ मिलकर हम बड़ी से बड़ी कठिनाइयों का बड़े ही आराम से हल निकाल सकते है, साथ मिलकर काम करने से हर काम आसान हो जाता है।साहसी व्यक्ति बड़ी से बड़ी बाधाओं पर आसानी से विजय पा लेते है,क्योंकि एकता और साहस में बहुत बल होता है,जिसके साथ हर जंग जीती जा सकती हैं।और जिसके बल पर वह पर्वत और सागर को भी पार कर सकताता हैं।

Page : 44, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

Q3 गीत में सीने और बाहों को फौलादी क्यों कहा गया है?

Answer. कविता में कवि ने सीने और बाहों को फौलादी इसलिए कहा है क्योंकि हमारे इरादे मजबूत है, किसी भी कठिन परिस्थिति में से निकलने के लिए हमारी बाजुओं में अपार शक्ति है, हमारी बाहें इसलिए भी फौलादी है क्योंकि इसमें हमारे असीम कार्य करने की क्षमता का भी पता पड़ जाता है कि हम हमारी बाहों या बाजुओं की सहायता से हर मुश्किल से मुश्किल काम कर सकते है। हम इतने मेहनतकश लोग है कि अपनी मेहनत के बूते पर पूरी दुनिया को जीत सकते है।

Page : 44, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

Q1 अपने आसपास तुम किसे ”साथी” मानते हो और क्यों? इससे मिलते-जुलते कुछ और शब्द खोजकर लिखो।

aglasem.com

Answer.मेरे भाई है मेरे साथी क्योंकि ये हमेशा किसी ना किसी रूप में सहयोग करते है मदद करते है मेरी। साथी से मिलते-जुलते शब्द है- सहायक, सखा, संगी, सहचर, शुभ-चिंतक, मित्र, मीत आदि ।

Page : 44, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

Q2 अपना दुख भी एक है साथी,अपना सुख भी एक, कक्षा, मोहल्ले और गांव/शहर के किस-किस तरह के साथियों के बीच तुम्हे इस वाक्य की सच्चाई महसूस होती है और कैसे?

Answer. अपने साथियों के साथ जब हम होते है तब इन बातों की सच्चाई का एहसास होता है। इन बातों में हमारी सोच एक सी होती है, और हमारे सुख दुख की अनुभूति भी एक ही होती है। उदहारण के लिए- पानी बिजली की कमी, ट्रैफिक जैसी रोजमर्रा की मुश्किलों से जब हमारा सामना होता है तो हमें लगता है कि हमारा दुख एक है। वही दूसरी ओर विद्यालय के लिए पदक जितना,कक्षा में अच्छे अंक लाना ओर बड़े होकर कुछ बनने की चाह से पता चलता है कि हमारा सुख भी एक ही है।

Page : 44, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

Q3 इस गीत को तुम किस माहौल में गुनगुना सकते हो?

Answer. कवि साहिर लुधियानवी द्वारा लिखे हुए इस कविता को हम,सार्वजनिक स्थलों पर, मेहनत मजदूरी करते हुए, किसी उद्देस्य को पूरा करने के लिए गा सकते है। खेल के मैदान में भी यह गीत खिलाड़ियों मे जोश पैदा कर सकता है, सरहद पर तैनात जवान के दिलो में जोश भरने के लिए भी यह गीत गाया जा सकता है, और वैसे तो यह गीत कभी भी किसी वक्त गुनगुनाया का सकता है विशेष कर किसी संगठन द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रम के दौरान इत्यादि।

Page : 44, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

Q4 'एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना' –

1. तुम अपने घर में इस बात का ध्यान कैसे रख सकते हो?

2.पापा के काम और माँ के काम में क्या क्या है?

3.क्या वे एक – दूसरे का हाथ बंटाते है?

aglasem.com

Answer. 1. हम अपने पर्सनल काम खुद कर के घर के कामो में हाथ बटाँ सकते है।

2.माँ हर छोटी से छोटी चीज़ और पापा हर बड़े कामों का ख़्याल रखते हैं।पापा मम्मी दोनो एक साथ मिलकर आपने अपना काम सही तरीके से बाँट कर करते हैं और हमारा और हमारी फैमिली का ख़याल रखते हैं। पापा और माँ को बहुत से काम होते है, जहाँ एक ओर पापा कार्यालय जाते है वहीं दूसरी ओर माँ घर के सारे काम बड़ी ही मेहनत और लगन से पूरा करती है, वहीं पापा घर के साथ साथ कार्यालय के काम भी पूरे करते है और आवश्यक घरेलू वस्तुएं भी लाने का काम पापा का ही होता है। वहीं दूसरी ओर माँ घर की साफ सफाई से लेकर घर में किन वस्तुओं की जरूरत है इन चीजों का भी खयाल रखती है और साथ ही साथ कई छोटे बड़े कामो की जिम्मेदारी अपने कंधो पर ले लेती है।

3. हाँ, माँ और पापा एक दूसरे के कामों में एक दूसरे की सहायता करते हैं।

Page : 44, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

Q5 यदि तुमने 'नया दौर' फिल्म देखी है तो बताओ यह गीत फिल्म की कहानी के किस मोड़ पर आता है? यदि तुमने फिल्म नहीं देखी है तो फिल्म देखो और बताओ।

Answer. 'नया दौर ' फिल्म में जब कच्ची सड़क को पक्का करने के लिए हर एक आदमी मिल जुलकर काम करते है,तब यह गीत आता है।यह गीत उनके कर्मठ सहयोग,बेहिसाब उत्साह और आक्रामक जोश को दर्शाता है।

Page : 44, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

Q1 अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।

एक और एक मिलकर ग्यारह होते है

1)ऊपर लिखी कहावतों का अर्थ गीत की किन पंक्तियों से मिलता जुलता है ?
2)इन दोनों कहावतों का अर्थ कहावत कोश में देखकर समझो और उनका वाक्यों में प्रयोग करो।

Answer.

(क)
एक अकेला थक जाएगा मिलकर बोझ उठाना
एक से मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया
एक से मिले तो जर्रा,बन जाती है सेहरी
एक से मिले राई, तो बन सकती है परबत
एक से मिले इंसा, तो बस में कर के किस्मत,,

(ख)अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता- कोई कितना ही ताकतवर और कितना ही बहादुर क्यों न हो, पर अकेले दुश्मनों का सामना नहीं कर सकता। शायद तुम जानते नही की अकेला चला भाड़ नही फोड़ता।

एक और एक मिलकर ग्यारह होते है - एकसाथ अगर मिलकर कुछ किया जाए तो काम जल्दी और आसानी से हो जाता है। वही अकेला किसी बड़े काम को करना बहुत मुश्किल हो जाता है।

मिलकर युद्ध करे तो हमारी जीत पक्की है।आखिर एक और एक मिलकर ग्यारह होते हैं। अगर हम साथ मे प्रयास करें तो यह काम आसान हो जाएगी तुमने सुना नही है, एक और एक ग्यारह होते हैं।

Page : 45, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

Q2 नीचे हाथ से संबंधित कुछ मुहावरे दिए गए है। इनके अर्थ समझो और प्रत्येक मुहावरे से वाक्य बनाओ।

बनाओ।

aglasem.com

1. हाथ को हाथ ना सूझना
2. हाथ साफ करना
3. हाथ – पैर फूलना
4. हाथो-हाथ लेना
5. हाथ लगाना

Answer.

1)अमावस की रात को हाथ को हाथ नहीं सूझ पाता है।

2)मोनू ने फ्रिज में रखी आइसक्रीम पर अपना हाथ साफ कर दिया ।

3) मुझे कोई गलती करते हुए पकड़ ले तो मेरे हाथ-पैर फूल जाते हैं।

4)उस लेखक की किताब प्रकाशन में आते ही हाथों-हाथ बिक गई ।

5) बहुत आतंक मचाने के बाद ये आतंकवादी हाथ लगा है।

Page : 45, Block Name : निम्नलिखित मुहावरों का शब्दों में प्रयोग कीजिये।

aglasem.com

Q1 हाथ और हस्त एक ही शब्द के दो रूप हैं। नीचे दिए शब्दों में हस्त और हाथ छिपे हैं।शब्दो को पढ़कर बताओ कि हाथों का इनमे क्या काम है।-

Answer. हाथघडी- हाथों पर घड़ी बांधी जाती है।

हथौड़ा- हाथों से पीटने वाली लोहे का औजार।

हस्तशिल्प- हाथों से किया गया शिल्प का काम।

हस्तक्षेप- किसी काम के बीच मे आना। यह एक मुहावरा है।

निहत्था- जिसके में कोई हथियार न हो।

हथकंडा- कोई तरीका जिससे किसी काम को करवाया जा सकता है।

हस्ताक्षर- हाथों से किया ज्ञान हस्ताक्षर।

हथकरघा- हाथ से बुना जाने वाला कपड़ा।

Page : 45, Block Name : भाषा की बात

Q2 इस गीत में परबत, सीस, रस्ता, इंसा, जैसा शब्दों के प्रयोग हुए हैं। इन शब्दों के प्रचलित रूप लिखो।

Answer. पहाड़, चोटी, रोड, आदमी, ही इनके प्रचलित रूप हैं।

Page : 45, Block Name : भाषा की बात

Q3 निजवाचक सर्वनाम के निम्नलिखित रूपों का वाक्य में प्रयोग करो-

1. अपने को
2. अपने से
3. अपना
4. अपने पर
5. अपने लिए
6. आपस में

Answer. 1 अपने को हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए।

2. अपने से ज्यादा दूसरों का ख्याल रखना चाहिए।

3. अपना अपना काम करके ही सबको घर जाना चाहिए।

4. सारी गलतियों का बोझ अपने पर नही लेना चाहिए।

5. जीवन दूसरे के साथ साथ अपने लिए भी जी जाती है।

6. हम सबको आपस मे प्यार बढ़ाना चाहिए।

Page : 46, Block Name : भाषा की बात

aglasem.com